Ans. (b) : सही सुमेलित है-

प्रचलित		**क्षेत्र**
स्वरूपशाही	-	मेवाड़
मदनशाही	-	झालावाड़
विजयशाही	-	जोधपुर
झाड़शाही	-	जयपुर

■ बीकानेर क्षेत्र में गजशाही नामक चाँदी का सिक्का चलता था।

383. निम्न में से शिलालेख/प्रशस्ति और उनके वर्ष के सही जोड़े कौन - से हैं?

1. अचलेश्वर शिलालेख 1285
2. दिलवाड़ा शिलालेख 1216
3. कुम्भलगढ़ प्रशस्ति 1460

(a) 1, 2 एवं 3
(b) केवल 1 एवं 3
(c) केवल 2 एवं 3
(d) केवल 1 एवं 2

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (b) – सिरोही में स्थित अचलेश्वर शिलालेख- (1285ई.), गुहिल वंश के संस्थापक बप्पा रावल से लेकर समरसिंह की बंशावली के बारे में जानकारी देता है। दिलवाड़ा शिलालेख (सिरोही, 1428ई.) मेवाड़ी भाषा में लिखित है। इसमें टंक नामक मुद्रा एवं स्थानीय करों का उल्लेख मिलता है। कुम्भलगढ़ प्रशस्ति (राजसमंद, 1460ई.) में बप्पारावल से कुम्भा तक के शासकों की उपलब्धियों का वर्णन मिलता है।

384. वर्तमान राजस्थान के कौन से क्षेत्र महाभारत काल में जांगल देश के नाम से जाने जाते थे?

(a) उदयपुर -डूंगरपुर (b) बीकानेर-जोधपुर
(c) बांसवाड़ा-प्रतापगढ़ (d) अलवर-भरतपुर

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (b) – वर्तमान बीकानेर एवं जोधपुर के जिले महाभारत काल में जांगल देश कहलाते थे। बीकानेर के राजा इसी जंगल देश के स्वामी होने के कारण स्वयं को जांगल धर बीकानेर राज्य के राजचिन्ह में भी 'जय जांगलधर' बादशाह लिखा मिलता है।

385. राजस्थान इतिहास का जनक किसे कहा जाता है?

(a) जी.एन.शर्मा (b) श्यामलदास
(c) जी.एच.ओझा (d) कर्नल टॉड

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (d) – राजस्थान इतिहास का जनक कर्नल टॉड को कहा जाता है। इनकी पहली पुस्तक 14 जनवरी, 1823 को ''ट्रेवल्स इन वेस्टर्न इण्डिया'' मुम्बई से प्रकाशित हुई।

386. 'इकतीसंदा' रुपया राजस्थान की कौनसी टकसाल में बनता था-

(a) मेड़ता (b) सोजता
(c) जोधपुर (d) कुचामन

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (d) – 'इकतीसंदा' रुपया राजस्थान की कुचामन टकसाल में बनता था। कुचामन में मारवाड़ राज्य की टकसाल थी जिसमें ढले हुए सिक्के कुचामनी सिक्के कहलाते थे।

387. हर्षमाता मंदिर एवं चाँद बावरी किस जिले मं स्थित है?

(a) दौसा (b) अलवर
(c) सवाई माधोपुर (d) जयपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (a) – हर्षमाता मंदिर एवं चाँद बावड़ी राजस्थान के दौसा जिले में स्थित है। हर्षमाता मंदिर 'भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग' के नियंत्रण में है।

388. बागड़ के परमार राजवंश की राजधानी कहाँ थी?

(a) चन्द्रावली (b) अर्थूणा
(c) मालवा (d) जालौर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (b) – मेवाड़ का डूंगरपुर एवं बाँसवाड़ा का क्षेत्र बागड़ कहलाता है। बागड़ में परमार राजवंश की स्थापना डम्बर सिंह ने किया था। अर्थूणा इसकी राजधानी थी। धनिक, कंकदेव, सत्यराज, चामुण्डराज और विजयराज आदि इस वंश के महत्वपूर्ण शासक थे।

389. किसानों से वसूल की जाने वाली विविध लाग-बागों का उल्लेख किसमें प्राप्त होता है-

(a) पुर ताम्र पत्र 1536 ई.
(b) चौकली ताम्रपत्र 1483 ई.
(c) खेरोदा ताम्रपत्र 1437 ई.
(d) आहड़ ताम्रपत्र 1206 ई.

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (b) – किसानों से वसूल की जाने वाली विविध लाग-बागों का उल्लेख चौकली ताम्रपत्र (1483 ई) में प्राप्त होता है। आहड़ ताम्रपत्र (1206 ई) गुजरात के सोलंकी राजा भीमदेव द्वितीय का है। यह गुजरात के सोलंकी राजाओं (मूलराज से भीमदेव द्वितीय तक) की वंशावली उपलब्ध कराता है। खेरोदा ताम्रपत्र (1437 ई.) महाराणा कुंभा के समय का है।

390. कौनसा कूट सुमेलित नहीं है-

(a) जैसलमेर -माँड (b) उदयपुर-मेवल
(c) प्रतापगढ़-काँठल (d) झालावाड़ टोंक-मालव

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (b) – सही सुमेलित है-

	सूची-I		**सूची-II**
(i)	जैसलमेर	-	मॉड
(ii)	डूँगरपुर एवं बांसवाड़ा	-	मेवल
(iii)	प्रतापगढ़	-	काँठल
(iv)	झालावाड़ टोंक	-	मालव

391. राजस्थान के किस नगर के समीपस्थ गुजरती है-

(a) चित्तौड़गढ़ (b) सिरोही
(c) डूँगरपुर (d) बाँसवाड़ा

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (d) – कर्क रेखा राजस्थान के बाँसवाड़ा नगर के समीपस्थ गुजरती है। (यद्यपि कर्क रेखा राजस्थान के डूँगरपुर को भी छूकर गुजरती है।) किन्तु यह बाँसवाड़ा नगर के लगभग मध्य से होकर गुजरती है। उल्लेखनीय है कि कर्क रेखा भारत के आठ राज्यों (गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पं. बंगाल, त्रिपुरा तथा मिजोरम) से होकर गुजरती है।